भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 460
गुरूवार, 6 फरवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

एसएएससीआई योजना

460 श्री मदन राठौड़:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मंत्रालय पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत परियोजनाओं के चयन को किस प्रकार प्राथमिकता देता है तथा इस प्रक्रिया को संचालित करने वाले विशिष्ट मानदंड क्या हैं;

(ख) मंत्रालय अल्पज्ञात स्थलों के लिए 40 अनुमोदित परियोजनाओं के सफल विकास को सुनिश्चित करने के लिए कौन-सी विशिष्ट कार्यनीतियां क्रियान्वित कर रहा है; और

(ग) क्या इन अल्पज्ञात स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए कोई पहल की गई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): जी हां, भारत सरकार ने अपने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश के 23 राज्यों में ₹3295.76 करोड़ रु. की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का व्यापक रूप से विकास करना और वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग और मार्केटिंग करना है। इस योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने सभी राज्यों को परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए परिचालन संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राज्य सरकारों से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद, उनका मूल्यांकन निर्धारित मापदंडों जैसे कि स्थल से कनेक्टिविटी, पर्यटन संबंधी इको सिस्टम, वहन क्षमता, स्थिरता उपाय, सतत संचालन और प्रबंधन, परियोजना पर प्रभाव और मूल्य सृजन, पर्यटन विपणन योजना आदि के आधार पर किया गया। यद्यपि एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का कार्यान्वयन राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है, तथापि पर्यटन मंत्रालय ने स्वीकृत

परियोजनाओं का निर्बाध कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर उनकी प्रगति की समीक्षा करने हेतु क्रियाविधि भी तैयार की है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न संवर्धनात्मक पहलों जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रचार, कार्यक्रमों में भागीदारी, मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों को सहायता आदि के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अल्पज्ञात गंतव्यों सहित देश के विभिन्न पर्यटक स्थलों और उत्पादों को बढ़ावा देता है।

*****

अनुबंध

श्री मदन राठौड़ द्वारा एसएएससीआई योजना के संबंध में दिनांक 06.02.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 460 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूचीः-

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य	परियोजना का नाम	लागत
1.	आंध्र प्रदेश	1. गंडीकोटा-फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन	77.91
		2. अखंड गोदावरी - (हैवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट), राजमहेंद्रवरम	94.44
2.	अरुणाचल प्रदेश	3. सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट, पासीघाट	46.48
3.	असम	4. असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान, गुवाहाटी	97.12
		5. शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण	94.76
4.	बिहार	6. मत्स्यगंधा झील का विकास, सहरसा	97.61
		7. करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब	49.51
5.	छत्तीसगढ़	8. चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास	95.79
		9. जनजातीय एवं सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास	51.87
6.	गोवा	10. छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय, पोंडा	97.46
		11. प्रस्तावित टाउनस्क्वायर, पोरवोरिम	90.74
7.	गुजरात	12. केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको-पर्यटन गंतव्य	99.50
		13. टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर, धोर्डो	51.56
8.	झारखंड	14. तिलैया, कोडरमा का इको-पर्यटन विकास	34.87
9.	कर्नाटक	15. रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र	99.17
		16. सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास, बेलगावी	100.00
10.	केरल	17. अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र, कोल्लम	59.71
		18. सरगालयाः मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे	95.34
11.	मध्य प्रदेश	19. ओरछा एक मध्यकालीन वैभव	99.92
		20. भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर	99.38
12.	महाराष्ट्र	21. पूर्व आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन, सिंधुदुर्ग	46.91
		22. नासिक में "राम-काल पथ" का विकास	99.14

13.	मणिपुर	23. लोकटक लेक एक्सपीरियंस	89.48
14.	मेघालय	24. मावखानू, शिलांग में एमआईसीई अवसंरचना	99.27
		25. उमियम झील का पुनर्विकास, शिलांग	99.27
15.	ओडिशा	26. हीराकुंड का विकास	99.90
		27. सतकोसिया का विकास	99.99
16.	पंजाब	28. हेरिटेज स्ट्रीट का विकास, एसबीएस नगर	53.45
17.	राजस्थान	29. आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास, जयपुर	49.31
		30. जल महल, जयपुर का विकास	96.61
18.	सिक्किम	31. स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग, नामची	97.37
		32. बॉर्डर एक्सपीरियंस, नाथुला	68.19
19.	तमिलनाडु	33. मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क	99.67
		34. देवला, ऊटी में फूलों का बगीचा	70.23
20.	तेलंगाना	35. रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ	73.74
		36. सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट, नल्लामाला	68.10
21.	त्रिपुरा	37. बंडुआर, गोमती में 51 शक्ति पीठ पार्क	97.70
22.	उत्तर प्रदेश	38. बटेश्वर का विकास, जिला-आगरा	74.05
		39. एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास, श्रावस्ती	80.24
23.	उत्तराखंड	40. प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: राफ्टिंग बेस स्टेशन	100.00
कुल			**3,295.76**

*****